वी.यू. में घायल नर चीतल की सर्जरी

दिनांक 31.01.2023 सागर डिवीजन के उत्तरीय सागर रेंज के अंतर्गत आने वाले जंगल में रोड के किनारे एक नर चीतल घायल अवस्था में पाया गया जिसके अगले दोनों पैरों में चोट के कारण वह घायल अवस्था में तड़फ रहा था। वहां के ग्रमीण जनों ने चीतल को तड़पते हुये देखकर स्थानीय फॉरेस्ट विभाग को सूचना दी। फॉरेस्ट विभाग के वन अ द्वारा घायल चीतल को उपचार हेतु नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ वाइल्डलाईफ फॉरेंसिक एण्ड हैल्थ सेंटर, जबलपुर लाया गया। परीक्षण के दोरान यह पाया गया की नर चीतल के आगे के दोनों पैर फैक्चर है। जिसकी शल्यक्रिया किया जाना आवश्यक है। स्कूल ऑफ वाइल्डलाईफ फॉरेंसिक एण्ड हैल्थ तथा वेटनरी कॉलेज के सर्जरी एवं रेडियोलॉजी के चिकित्सक दल ने चीतल के अगले पैरों की सर्जरी की शल्य चिकित्सा के पश्चात इस चीतल को स्कूल ऑफ वाईल्डलाईफ एण्ड हैल्थ में स्थित मॉनीटरिंग कक्ष में रखा गया है ताकि इसकी देखभाल के साथ–साथ विधिवत उपचार किया जा सके। देखभाल के लिये स्थानीय फॉरेस्ट अमले को तैनात किया गया है, स्थिति सामान्य होने पर चीतल को पुनः सागर भिवा दिया जावेगा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि, जबलपुर